देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 197 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
बंधकों की रिहाई का सवाल



देहरादून, मंगलवार, 12 नवंबर 2024

# पेज श्री



मौसम अधिकतम 25.0° न्यूनतम 15.0° | 79924.77 | 2 कमला को बना दें अमेरिकी राष्ट्रपति | 7 गंभीर ने रिकी पोंटिंग की बोलती बंद

# हम घुसपैठ के खिलाफ कानून लेकर आएंगे: शाह

## सरायकेला में अमित शाह ने घुसपैठ के मुद्दे पर हेमंत सोरेन को घेरा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सरायकेला। झारखंड में पहले फेज की वोटिंग से पहले सियासी पारा हाई है। बीजेपी ने जेएमएम के ऊपर राजनीतिक हमले तेज कर दिए हैं। सोमवार को सरायकेला की एक जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आदिवासियों की घटती आबादी का जिक्र करते हुए बड़ा एलान कर दिया।

अमित शाह ने कहा, आदिवासियों की आबादी घट रही है, जबकि घुसपैठिए बढ़ रहे हैं। अगर बीजेपी की सरकार बनी तो हम घुसपैठ को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगे कहा कि हम एक कानून लाएंगे, जहां अगर कोई घुसपैठिया किसी आदिवासी महिला से शादी करता है, तो भी उसे महिला की जमीन ट्रांसफर नहीं की जा सकेगी। हम घुसपैठियों की पहचान करने, उन्हें बाहर निकालने और उनके द्वारा हड़पी गई जमीन को वापस लेने के लिए एक समिति भी बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो सरकार झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। अगर झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो वह घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें राज्य से बाहर निकालेंगे। साथ ही घुसपैठियों की ओर से हड़पी गई जमीन को वापस लेने के लिए समिति बनाई जाएगी। इसके अलावा आदिवासी महिलाओं से शादी करने पर घुसपैठियों को होने वाले जमीन हस्तांतरण को रोकने के लिए कानून बनाया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार पर आरोप लगाया कि वह नियमित रूप से घोटाले करती है। उन्होंने (झामुमो–कांग्रेस–राजद) मनरेगा में 1,000 करोड़ रुपये का घोटाला किया, 300 करोड़ रुपये का भूमि घोटाला किया, 1,000 करोड़ रुपये का खनन घोटाला किया और हजारों करोड़ रुपये का शराब घोटाला किया।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आती है तो पेपर लीक करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अमित शाह ने कहा, हेमंत सोरेन की सरकार में भ्रष्टाचार हुआ और परीक्षा के पेपर लीक हुए। बीजेपी सरकार सत्ता में आने के बाद हम इन पेपर लीक करने वालों को सबक सिखाएंगे।

### भ्रष्टाचार पर कांग्रेस को घेरा

अमित शाह ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, एक कांग्रेस नेता के आवास से भारी मात्रा में नकदी जब्त की गई। यहां अमित शाह पूर्व मंत्री आलमगीर आलम का जिक्र कर रहे थे। बता दें कि उनके आवास से 30 करोड़ रुपये और नोट गिनने की 27 मशीनें बरामद की गई थी।



### चंपई सोरेन को सीएम पद से हटाए जाने पर सवाल उठाए

अमित शाह ने झारखंड के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन पर भी निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि जिस तरह से चंपई सोरेन (पूर्व सीएम) को अपमानित किया गया और मुख्यमंत्री पद से हटाया गया, वह सही नहीं है। यह सिर्फ उनका नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समुदाय का अपमान है। अमित शाह ने आगे कहा, चंपई सोरेन इतने वर्षों से वफादार रहे हैं, हेमंत जी के साथ खड़े रहे, लेकिन जिस तरह से उन्हें अपमानित किया गया और हटाया गया, यह सिर्फ चंपई सोरेन का अपमान नहीं है, बल्कि पूरे आदिवासी समुदाय का अपमान है।

### झारखंड में दो चरणों में हो रहे विधानसभा चुनाव

झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में हो रहे हैं। इसके तहत पहले चरण में 13 नवंबर को 43 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। वहीं दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होंगे। जबकि विधानसभा चुनाव के परिणाम 23 नवंबर को आएंगे। राज्य में फिलहाल झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में कांग्रेस और राजद का गठबंधन पांच साल से सरकार में है। वहीं विपक्ष में भाजपा और आजसू का गठबंधन है। हालांकि इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने एनडीए सहयोगियों को भी कुछ सीटें दी है, जिसमें आजसू के साथ–साथ जेडीयू और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) भी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी को झूठ बोलने से रोकें और डांटें–डपटें

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। केंद्र की सत्ताधारी बीजेपी ने महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है और अपील की है कि नेता विपक्ष राहुल गांधी को चुनाव प्रचार के दौरान झूठ बोलने से रोकें और डांटें–डपटें। भाजपा ने पिछले सप्ताह मुंबई में दिए गए राहुल गांधी के भाषण के एक हिस्से का हवाला देते हुए उन पर आदर्श आचार संहिता के घोर उल्लंघन का आरोप लगाया है।

### जवाब दो पाकिस्तान क्यों नहीं आएगी भारतीय टीम?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज नई दिल्ली। पीसीबी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी को लेकर आईसीसी से स्पष्टीकरण मांगेगा क्योंकि उसे सिर्फ बताया गया है कि भारतीय टीम टूर्नामेंट के लिए नहीं आएगी लेकिन हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। पीसीबी को आईसीसी ने बताया है कि बीसीसीआई अगले साल होने वाले टूर्नामेंट के लिये अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजेगा।

# मणिपुर में कुकी उग्रवादियों और सुरक्षाबलों में एनकाउंटर

## मुठभेड़ के दौरान 11 उग्रवादियों को किया ढेर, एक जवान घायल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। मणिपुर में सीआरपीएफ की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। जानकारी के मुताबिक, सीआरपीएफ ने जिरीबाम में मुठभेड़ के दौरान 11 उग्रवादियों को मार गिराया है। वहीं इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ के एक जवान के भी घायल होने की सूचना है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल तक एयरलिफ्ट किया गया है। सीआरपीएफ के सूत्रों के अनुसार, उग्रवादियों ने सीआरपीएफ की टीम पर हमला किया था, जिसके बाद ये मुठभेड़ हुई है।

सोमवार सुबह मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले में उग्रवादियों की गोलीबारी में खेत में काम कर रहा एक किसान घायल हो गया था। जातीय हिंसा में झुलस रहे मणिपुर की इंफाल घाटी में किसानों पर पहाड़ी इलाकों के उग्रवादियों द्वारा लगातार तीसरे दिन हमला किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि किसान खेतों में जाने से डर रहे हैं।

कांगपोकपी जिले के एस चौंगौबंग और माओहिंग के बीच संयुक्त टीम की तरफ से एक अन्य अभियान में एक 5.56 मिमी इंसास राइफल, एक प्वाइंट 303 राइफल, दो एसबीबीएल बंदूकें, दो 0.22 पिस्तौल, दो इंप्रोवाइज्ड प्रोजेक्टाइल लांचर, ग्रेनेड, गोला–बारूद भी जब्त किया गया।

बता दें कि पिछले साल मई से इंफाल घाटी में मैतेई और मणिपुर में समीपवर्ती पहाड़ी आधारित कुकी लोगों के बीच जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

### मणिपुर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई लगातार जारी

पहले मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में पिछले तीन दिनों के भीतर तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने कई हथियार, गोला–बारूद और आईईडी जब्त किए हैं। असम राइफल्स ने सोमवार को एक बयान में कहा गया है कि शनिवार को असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने चुराचांदपुर जिले के एल खोनोमफाई गांव से सटे जंगल में एक अभियान के दौरान एक .303 राइफल, दो नौ एमएम पिस्तौल, छह 12 सिंगल बैरल राइफल, एक .22 राइफल, गोला–बारूद और अन्य युद्ध संबंधी सामान जब्त किया।

# जस्टिस संजीव खन्ना ने ली चीफ जस्टिस के रूप में शपथ

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। जस्टिस संजीव खन्ना ने सोमवार को भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पूर्व सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ भी मौजूद थे।

पूर्व सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ के रविवार, 10 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट से रिटायर होने के बाद जस्टिस संजीव खन्ना ने सीजेआई के रूप में पदभार संभाला। शुक्रवार, को अपने अंतिम कार्य दिवस पर अपने विदाई भाषण में, जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने जस्टिस खन्ना के भविष्य के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया, अपने उत्तराधिकारी को गरिमापूर्ण, स्थिर और न्याय के लिए गहराई से प्रतिबद्ध बताया था।

दिल्ली के एक प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखने वाले जस्टिस खन्ना दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस देव राज खन्ना के बेटे और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एच आर खन्ना के भतीजे हैं। जज संजीव खन्ना को 18 जनवरी 2019 को सुर्का के जज के रूप में प्रोमोट किया गया था। लंबित मामलों को कम करने और न्याय मुहैया कराने में तेजी लाने पर जोर देते रहे हैं।

### शपथ

■पीएम, रक्षा मंत्री, उपराष्ट्रपति के साथ पूर्व सीजेआई रहे मौजूद

### 1 मई 2025 तक होगा कार्यकाल

पूर्व सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने 17 अक्टूबर को अपने उत्तराधिकारी के रूप में जस्टिस संजीव खन्ना के नाम की सिफारिश की थी। इसके बाद केंद्र ने 24 अक्टूबर को जस्टिस खन्ना की नियुक्ति को आधिकारिक रूप से अधिसूचित किया। सीजेआई संजीव खन्ना 6 महीने से थोड़ा अधिक का कार्यकाल पूरा करेंगे और 1 मई 2025 को सेवानिवृत्त होंगे।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# शुरू हुआ पर्यावरण का महाकुंभ

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)


■ पेरिस समझौते के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने पर कॉप 29 में होगी चर्चा

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र का दो सप्ताह का जलवायु सम्मेलन कॉप–29 सोमवार से अजरबैजान की राजधानी बाकू में शुरू हो गया। पर्यावरण से जुड़े इस महाकुंभ में भारत समेत लगभग 200 देश हिस्सा ले रहे हैं। इसमें जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील देशों के लिए जलवायु वित्त का नया लक्ष्य तय करने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा। साथ ही इसमें पेरिस समझौते के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए वैश्विक तापमान की वृद्धि को सीमित करने और विकासशील देशों के लिए समर्थन जुटाने पर भी चर्चा की जाएगी।

विशेषज्ञों के मुताबिक, सम्मेलन में भारत की प्रमुख प्राथमिकताएं जलवायु वित्त पर विकसित देशों की जवाबदेही सुनिश्चित करने और ऊर्जा स्त्रोतों के समतापूर्ण परिवर्तन का लक्ष्य प्राप्त करना होंगी। भारत इस सम्मेलन में इस धनराशि को बढ़ाने की मांग करेगा।

वर्ष 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद तालिबान पहली बार संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में भाग लेगा।

## न्यूज डायरी



### पुतिन ने कुर्स्क में यूक्रेन से लड़ने के लिए उतारे 50000 सैनिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कुर्स्क क्षेत्र को यूक्रेन के कब्जे से वापस लेने के लिए 50,000 सैनिकों को जमा किया है। इनमें 40,000 सैनिक रूसी हैं जबकि 10,000 उत्तर कोरियाई सैनिक हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रूसी नेता ने कुछ ही दिनों में कुर्स्क पर हमला करने की योजना बनाई है। यूक्रेन ने इसी अगस्त महीने में रूस के अंदर अपनी सेना भेजकर कुर्स्क क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। उसके बाद से ही रूसी सेना इसे वापस लेने की कोशिश कर रही है, लेकिन उसे अभी तक सफलता नहीं मिली है। यूक्रेनी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि पुतिन कुछ ही दिनों में किम जोंग–उन के सैनिकों के साथ संयुक्त हमला शुरू कर सकते हैं। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग–उन ने हाल ही में अपनी सेना की इकाइयों में से ही मदद के लिए भेजा है। अमेरिकी और यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि 50,000 सैनिकों में से 10,000 उत्तर कोरियाई हैं। कहा जाता है कि वे सैनिक रूसी वर्दी पहने हुए हैं, लेकिन वे अपनी इकाइयों में ही लड़ेंगे। पुतिन की सेना उत्तर कोरियाई सैनिकों को पैदल सेना की रणनीति, तोपखाने का हमला और खाई साफ करने का प्रशिक्षण भी दे रही है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कुर्स्क के कब्जे वाले हिस्से पर यूक्रेन की रक्षा पंक्ति मजबूत बनी हुई है और वह अपनी पकड़ बनाए रखने में सक्षम है। इस बीच रूस ने यूक्रेनी सेना पर गोलीबारी और रॉकेट हमले किए हैं।

### ईरान से पुरानी दुश्मनी भुला तेहरान पहुंचे सऊदी आर्मी चीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। सऊदी अरब के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने ईरानी अफसरों के साथ बैठक की है। सऊदी सैन्य अफसरों का दल तेहरान पहुंचा है। दोनों देशों का रिश्ता लंबे समय तक अच्छा नहीं रहा और लगातार एक तनाव रहा है। पिछले साल दोनों देशों के बीच संबंध बहाल हुए थे। ऐसे में संबंध बहाली के बाद से यह एक दुर्लभ उच्च स्तरीय बैठक है। बैठक में जनरल बाघेरी ने दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग पर जोर दिया है। दोनों देशों के बीच ये बैठक इसलिए भी अहम है क्योंकि पश्चिम एशिया में इस समय तनाव है। लेबनान और गाजा में इजरायल हमले कर रहा है तो ईरान के साथ भी इजरायल की तनातनी चरम पर है। ऐसे में यह बैठक पश्चिम एशिया में बदलाव की वजह भी बन सकती है। सऊदी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ फय्याद अल–रुवैली ने तेहरान में ईरानी सेना के शीर्ष अफसर जनरल मोहम्मद बघेरी से ईरानी सशस्त्र बल जनरल स्टाफ मुख्यालय में मुलाकात की। रिपोर्ट में इस बैठक का विषय रक्षा कूटनीति का विकास और द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार बताया गया है। ईरानी जनरल बघेरी ने बैठक में कहा कि हम चाहते हैं कि सऊदी नौसेना अगले साल ईरानी नौसैनिक अभ्यास में शामिल हो।

### चीन एयरशो में दुनिया को दिखाएगा हथियारों की ताकत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन की सेना झुहाई शहर में आयोजित किए जा रहे अपने वार्षिक एयर शो में कुछ नवीनतम युद्धक विमानों को प्रदर्शित करेगी जिनमें एक नया लड़ाकू विमान और एक बड़ा ड्रोन जहाज भी शामिल है जिसे 'किलर व्हेल' के नाम से जाना जाता है। चीन का 15वां एयर शो 12 से 17 नवंबर तक दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत के झुहाई शहर में आयोजित किया जाएगा। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) हर साल एयर शो में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करती है। पीएलए नौसेना जे–15टी जेट का प्रदर्शन करेगी। इसे तीसरे विमान वाहक पोत, फुजियान से संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो 'इलेक्ट्रो मैग्नेटिक' कैटापुल्ट से सुसज्जित है, जबकि अन्य दो विमान वाहक पोतों, लिओनिंग और शांदोंग में 'स्की जंप टेक ऑफ' रैंप लगे हैं। 'एयरोस्पेस नॉलेज' पत्रिका के मुख्य संपादक वांग यानान ने सरकारी अखबार 'चाइना डेली' को बताया कि जे–15टी को लिओनिंग और शांदोंग पर भी तैनात किया जा सकता है, दोनों ही स्थानों पर 'फिक्स्ड–विंग' विमान उड़ान भरने के लिए 'स्की जंप' विधि का इस्तेमाल करते हैं। चीन की नौसेना एयर शो के दौरान 'किलर व्हेल' नामक एक बड़े ड्रोन जहाज को भी पहली बार प्रदर्शित करेगी।

# तानाशाह नहीं बनेंगे लेकिन पहले दिन के फैसले लगेंगे तानाशाह जैसे

**रिपोर्ट**

## अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति ने तय किया राष्ट्रपति के तौर पर पहले दिन का एजेंडा

ट्रंप ने टॉम होमन को अपनी टीम में किया नियुक्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**




नई दिल्ली। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह तानाशाह नहीं बनेंगे, हालांकि पहले दिन के फैसले तानाशाह जैसे लग सकते हैं। जनवरी में शपथ लेने के बाद व्हाइट हाउस में पहले दिन उनके पास करने के लिए बहुत कुछ है। ट्रंप के एजेंडे में प्रवासियों का बड़े पैमाने पर निर्वासित करना शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प अपनी टीम में कई लोगों की नियुक्ति कर रहे हैं। इनमें एक नाम टॉम होमन का है, जो ट्रंप के पहले कार्यकाल में इमिग्रेशन एंड कस्टम इन्फोर्समेंट विभाग में कार्यकारी निदेशक का जिम्मेदारी निभा चुके हैं। ट्रंप ने टॉम होमन को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मैं टॉम को लंबे समय से जानता हूं, और हमारी सीमाओं को कंट्रोल करने के मामले में उनसे बेहतर कोई नहीं है। इसी तरह, टॉम अमेरिकी सीमाओं के प्रभारी होंगे।

ट्रंप ने आगे कहा, हमारे देश की सीमाओं ("बॉर्डर जार") की जिम्मेदारी संभालेंगे, इसमें दक्षिणी सीमा, उत्तरी सीमा, सभी समुद्री और एविएशन सिक्योरिटी शामिल हैं।" होमन अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रम्प की जीरो टॉलरेंस इमिग्रेशन पॉलिसी का पब्लिक फेस थे, जो हिरासत और निर्वासन कार्यवाही के दौरान परिवारों को एक साथ रखने की प्रथा से अलग थी। परिणामस्वरूप, हजारों गैर–दस्तावेजी प्रवासी बच्चों को परिवार के सदस्यों से अलग कर दिया गया, जिसकी व्यापक प्रतिक्रिया हुई। होमन ने एक इंटरव्यू के दौरान ट्रंप की अनिर्दिष्ट प्रवासियों के सामूहिक निर्वासन की योजना के आकार लेने पर समान प्रभावों की संभावना को कम करके आंका, उन्होंने कहा, "परिवारों को एक साथ निर्वासित किया जा सकता है।" होमन ने कहा, "यह पड़ोस में बड़े पैमाने पर सफाई करने जैसा नहीं है। यह एकाग्रता शिविर बनाने जैसा भी नहीं है मैंने यह सब पढ़ा है, यह हास्यास्पद है।"

हालांकि ट्रंप और उनकी टीम ने यह नहीं बताया है कि वे इस प्रयास को कैसे पूरा करने की योजना बना रहे हैं, जिसके लिए कांग्रेस से पर्याप्त धन और लौटने वाले प्रवासियों को स्वीकार करने के लिए देशों के सहयोग की आवश्यकता होगी। फिर भी, सहयोगियों ने कहा है कि ट्रम्प राष्ट्रपति बाइडन की आव्रजन नीतियों को उलटने के लिए तेजी से आगे बढ़ेंगे, कार्यकारी अधिकारियों का इस्तेमाल करके प्रवासियों के शरण के लिए आवेदन करने के रास्ते कम कर देंगे।

## डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से की फोन पर बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की। ट्रंप ने इस दौरान यूक्रेन में युद्ध पर चर्चा की। वाशिंगटन पोस्ट ने मामले से परिचित लोगों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में खुलासा किया कि ट्रंप ने पुतिन को यूक्रेन में युद्ध न बढ़ाने की सलाह दी और उन्हें यूरोप में वाशिंगटन की बड़ी सैन्य उपस्थिति की याद दिलाई।

बता दें कि चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप ने कहा था कि वह एक दिन के भीतर युद्ध को समाप्त करने का समाधान खोज लेंगे, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वह ऐसा कैसे करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से भी बात की थी। क्रेमलिन ने कहा कि पुतिन यूक्रेन पर ट्रंप से चर्चा करने के लिए तैयार हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह मॉस्को की मांगों को बदलने के लिए तैयार हैं।

14 जून को पुतिन ने युद्ध को समाप्त करने के लिए अपनी शर्तें तय की थीं। पुतिन ने कहा था कि यूक्रेन को अपनी नाटो महत्वाकांक्षाओं को छोड़ना होगा और रूस द्वारा दावा किए गए चार क्षेत्रों के सभी क्षेत्रों से अपने सभी सैनिकों को वापस बुलाना होगा।



### इस्लामिक जिहाद गुट के ऑपरेशन हेड की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल की सेना और सिक्योरिटी एजेंसी शिन बेट ने ज्वाइंट ऑपरेशन में फिलिस्तीनी गुट इस्लामिक जिहाद गुट के ऑपरेशन हेड मुहम्मद अबू साहिल को मार गिराने का दावा किया है। आईडीएफ और शिन बेट ने बयान जारी करते हुए कहा है कि शनिवार को इजरायली वायुसेना ने गाजा पट्टी में किए गए हवाई हमले में कमांडर अबू साहिल को निशाना बनाकर बमबारी की, जिसमें उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट में इजरायली सेना के हवाले से कहा है कि अबू ने उत्तरी गाजा में एक स्कूल की इमारत में अपना कमांड सेंटर ठिकाना बना रखा था। यहीं से वह काम कर रहा था। इस कमांड रूम पर शनिवार को इजरायली लड़ाकू विमानों ने बमबारी की और अबू साहिल की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि अबू गुट का सेंट्रल ऑपरेटर था। वह हमास के साथ स्थिति का आकलन करने और इजरायल के खिलाफ अभियानों के समन्वय में शामिल था।

## बाइडन कुर्सी छोड़ें और अब कमला को बना दें अमेरिकी राष्ट्रपति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैरिस की टीम के पूर्व कर्मचारी ने दिया ऐसा सुझाव

वॉशिंगटन। अमेरिका में कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव हार जाने से उन्हें समर्थन दे रहे लोग काफी निराश हैं। इस बीच अब कमला हैरिस की टीम के पूर्व कर्मचारी ने राष्ट्रपति जो बाइडन से इस्तीफा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाइडन इस्तीफा देकर कमला हैरिस को देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनाएं। हालांकि यह कार्यकाल थोड़े ही समय के लिए होगा।

हैरिस की टीम के पूर्व संचार निदेशक जमाल सिमंस ने टॉक शो के दौरान इसी तरह का सुझाव दिया। बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने कहा, जो बाइडन अद्भुत रहे हैं, लेकिन उन्हें एक आखिरी वादा पूरा करना चाहिए और वक्त की नजाकत को समझते हुए बदलाव की ओर कदम बढ़ाना चाहिए।

पूर्व संचार निदेशक ने कहा, बाइडन अगले 30 दिनों में राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे सकते हैं, इसके बाद कमला हैरिस को संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति बना सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, इससे उन्हें छह जनवरी को अपनी हार के बाद होने वाले बदलावों की निगरानी करने से भी मुक्ति मिल जाएगी। और यह सुनिश्चित करेगा कि यह खबरों में छा जाए, एक ऐसे बिंदु पर जहां डेमोक्रेट्स को नाटक और पारदर्शिता सीखनी होगी और वे चीजें करनी होंगी जो जनता देखना चाहती है। यह हमारे लिए डेमोक्रेट्स के काम करने के तरीके के पूरे परिप्रेक्ष्य को बदलने का समय है। एक सवाल के जवाब में सिमंस ने कहा कि यह सबसे अच्छी बात है जो बिडेन अब कर सकते हैं।

निदेशक ने आगे कहा, यह एक ऐसी बात है जो फिलहाल जो बाइडन के नियंत्रण में है। अगर उन्होंने ऐसा किया, इससे बाइडन का आखिरी वादा पूरा हो जाएगा और कमला हैरिस को संयुक्त राज्य अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति बनने का मौका देगा। इससे डोनाल्ड ट्रंप के लिए मुश्किलें खड़ी हो जाएंगी।

### इजरायल ने किया था हिजबुल्लाह पर पेजर अटैक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहली बार स्वीकार किया है कि सितम्बर में लेबनान के अंदर हिजबुल्लाह लड़ाकों के पेजर विस्फोट के पीछे इजरायल का हाथ था। इजरायली मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू ने रविवार को साप्ताहिक कैबिनेट मीटिंग के दौरान ये स्वीरोक्ति की है।


सितम्बर में लेबनान में हिजबुल्लाह लड़ाकों हजारों पेजर में कुछ ही समय के भीतर ब्लॉस्ट हुए थे। इसके अगले ही दिन वॉकी–टॉकी में भी विस्फोट हुआ था। इस हमले में करीब 40 लोग मारे गए थे, जबकि 3000 से ज्यादा घायल हुए थे। हिजबुल्लाह ने इन हमलों के पीछे इजरायल को जिम्मेदार बताया था। विभिन्न रिपोर्टों में भी ऐसी ही जानकारी सामने आई थी। हालांकि, इजरायल ने कभी आधिकारिक तौर इस ऑपरेशन की जिम्मेदारी नहीं ली थी।

Page Three
**Classified**

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न हो: सीडीओ

## निर्वाचन कार्य को संपादित कराने के लिए तैनात किए गए कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण**

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में निर्वाचन कार्य को संपादित कराने के लिए तैनात किए गए कार्मिकों को मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती की अध्यक्षता में राजकीय महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में दो पालियों में 60 पीठासीन अधिकारियों, 60–60 मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया।



आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी का लक्ष्य होना चाहिए कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न हो। इसके लिए यह जरूरी है कि उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराने के लिए जो भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है उसे शांतमन व धैर्यपूर्वक परीक्षण प्राप्त कर लें। किसी शंका एवं दुविधा का परीक्षण के दौरान ही मास्टर ट्रेनर द्वारा समाधान कर लिया जाय ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने के समय किसी भी तरह की कोई परेशानी न होने पाए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि सभी अधिकारी व कार्मिक निपुण हैं जिन्होंने पिछले लोकसभा निर्वाचन को संपादित कराने में अपनी अहम भूमिका निभाई थी। इसी तरह इस उप निर्वाचन को भी कुशलता एवं आपसी समन्वय के साथ संपादित करना ही सबका एक लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। किसी भी समस्या या परेशानी के लिए मास्टर ट्रेनरों से संपर्क कर उसका समाधान कर लिया जाए।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने कार्मिकों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि सभी कार्मिकों को निर्वाचन प्रक्रिया को कुशलता एवं निष्पक्ष ढंग से संपादित कराने के लिए जो प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है उस प्रशिक्षण को सभी अधिकारी एवं कार्मिक गंभीरता के साथ ग्रहण करें ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराते समय किसी प्रकार की कोई परेशानी एवं समस्या न होने पाए।

मास्टर ट्रेनर मुख्य कृषि अधिकारी लोकेन्द्र सिंह बिष्ट ने निर्वाचन प्रक्रिया में तैनात अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि निर्वाचन के लिए प्रस्थान से पूर्व सभी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी उन्हें उपलब्ध कराई गई निर्वाचन सामग्री की भली–भांति परीक्षण कर लें तथा मतदाता सूची का भी मिलान कर लें कि जिस पोलिंग बूथ पर उनकी तैनाती की गई है निर्वाचक नामावली उसी बूथ की है। इसके साथ ही उन्होंने अनिवार्य रूप से मानकों के अनुरूप ही मॉक पोल कराने को भी कहा।

## न्यूज डायरी

### वर्क ने महंत इंद्रेश हॉस्पिटल के पास फ्री फूड सेवा का किया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन रिलिजन एंड नॉलेज के कार्यकर्ताओं ने पटेल नगर महंत इंद्रेश हॉस्पिटल के पास फ्री फूड सेवा का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने चावल और सोयाबीन की ताहरी बनाकर लोगों के बीच भोजन बांटने का काम किया जिसको सभी आसपास के लोग व राह चलते लोगों ने ग्रहण कर धन्यवाद दिया और प्रसन्नता जाहिर की। विदित रहे की वर्क इस प्रकार के कार्य लगातार वर्षों से कर रहा है जब जिस जगह किसी कार्य की जरूरत पेश आती है तो वह वहां जन सेवा समाज सेवा के कार्य करने में जुट जाते हैं और कभी पानी ,कभी शरबत,कभी खाना कभी फल ,कभी जरूरतमंदों को कपड़ा और हर दीन दुखी की सेवा में वर्क संस्था तत्पर तैयार रहती है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि एसा हम सब मिल कर करें तो हमारा भारत देश जल्द अखंड भारत बनकर विश्व गुरु की श्रेणी में खड़ा होगा

### पद्म श्री कैलाश खेर ने दिव्य स्किनकेयर ब्रांड परम अमृत का किया अनावरण

**संवाददाता** हरिद्वार। अग्रणी लक्जरी आयुर्वेदिक स्किनकेयर ब्रांड परम अमृत ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में अपना भव्य शुभारंभ किया। प्रसिद्ध गायक और पद्म श्री पुरस्कार विजेता कैलाश खेर, जो ब्रांड के संस्थापक डॉ. नूतन खेर के भाई हैं, ने गहन रूप से जड़े आयुर्वेदिक उत्पादों की पहली श्रृंखला का अनावरण करके कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम को आध्यात्मिक गुरु श्री बाबा स्वामी अमृतानंद जी की उपस्थिति से और भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपना आशीर्वाद और अंतर्दृष्टि प्रदान की। उनकी भागीदारी ने लॉन्च में एक गहन आध्यात्मिक आयाम जोड़ा। परम अमृत मंत्र औषधि की प्राचीन प्रथा को आधुनिक त्वचा देखभाल में एकीकृत करके खुद को अलग करता है।

### जिंदल (इंडिया) लिमिटेड ने देहरादून में आयोजित किया रीटेलर मीट 'मिलाप'

**संवाददाता** देहरादून। प्रतिष्ठित बी.सी. जिंदल ग्रुप के भाग तथा भारत में डाउनस्ट्रीम स्टील उत्पादों के अग्रणी निर्माताओं में से एक जिंदल (इंडिया) लिमिटेड ने राजधानी देहरादून में दो दिवसीय रीटेलर्स मीट 'मिलाप' का सफल आयोजन किया। क्षेत्र के प्रमुख रीटेलरों के साथ बातचीत करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया, जिनमें जोनल सेल्स हेड, सेल्स हेड (नोर्थ) और स्टेट सेल्स हेड शामिल थे। दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन मैसर्स हाईटेक कलर शीट और मैसर्स एनके गुप्ता के सहयोग से देहरादून में दो स्थानों पर किया गया था। हर आयोजन में 100 से अधिक रीटेलर शामिल हुए।

# शाखा अध्यक्ष के ट्रांसफर पर किया प्रदर्शन, आदेश निरस्त

**संवाददाता** हल्द्वानी। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के अल्मोड़ा डिपो के शाखा अध्यक्ष प्रदीप कुमार टम्टा का पदोन्नति के बाद ट्रांसफर किए जाने पर परिषद के सदस्यों ने सोमवार शाम मंडलीय कार्यालय काठगोदाम में विरोध प्रदर्शन किया। शाम को रोडवेज मंडलीय प्रबंधन के स्तर से तबादले का आदेश निरस्त करने पर कर्मचारी शांत हुए।

अल्मोड़ा डिपो में परिचालक के पद पर कार्यरत प्रदीप कुमार टम्टा की कार्यालय सहायक द्वितीय के पद पर पदोन्नति हुई है। इसके साथ ही उनका तबादला भवाली डिपो में किया गया है। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तराखंड कुमाऊं क्षेत्र ने इस तबादला आदेश का विरोध किया है। सोमवार को अपराह्न करीब साढ़े 3 बजे कर्मचारियों ने काठगोदाम में मंडलीय प्रबंधक संचालन कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय का मुख्य गेट भी बंद कर दिया। परिषद के कुमाऊं क्षेत्र के पदाधिकारियों ने मंडलीय प्रबंधन संचालन पर नियम विरुद्ध तबादला करने का आरोप लगाया है। परिषद के क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि परिवहन निगम मुख्यालय और ट्रेड यूनियनों के बीच हुए समझौते में शाखा अध्यक्ष, मंत्री का पदोन्नति होने पर ट्रांसफर नहीं किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने अल्मोड़ा शाखा अध्यक्ष के तबादला आदेश को निरस्त करने की मांग की है। वहीं मुख्य गेट बंद करने के बाद मंडलीय प्रबंधन ने प्रदर्शनकारियों के दबाव में तबादला आदेश निरस्त कर दिया।



## पोस्टल बैलेट टीम ने दिव्यांग एवं अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं का मतदान कराया

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन में सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग कराने के उद्देश्य से सोमवार से पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर–घर जाकर दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग व्यक्तियों का मतदान शुरू किया गया। आगामी 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में सोमवार से घर–घर जाकर पोस्टल बैलेट टीम द्वारा दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं का मतदान कराया गया। रिटर्निंग अधिकारी 07–केदारनाथ/उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला ने अवगत कराया है कि सभी मतदाताओं का अपने मताधिकार का प्रयोग कराने के लिए 11 नवंबर से 15 नवंबर तक कुल 13 मतदान पोलिंग पार्टियों द्वारा घर–घर जाकर दिव्यांग एवं बुजुर्ग व्यक्तियों का मतदान कराया जाएगा।

# मर्चूला हादसे के घायल से पैसे लेने वाले एंबुलेंस चालक का लाइसेंस सस्पेंड

**संवाददाता**

### जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमओं ने की कार्रवाई की संस्तुति

हल्द्वानी। मर्चुला में 4 नवंबर को हुई सड़क दुर्घटना में घायल से एंबुलेंस चालक द्वारा पैसे लिए जाने के मामले में डीएम वंदना सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। सीएमओ ने जांच पूरी कर कार्रवाई की संस्तुति की, जिसके बाद एआरटीओ ने एंबुलेंस चालक का लाइसेंस तीन माह के लिए सस्पेंड कर दिया है। इस दौरान यदि वह वाहन चलाते पाया जाता है तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मर्चूला बस दुर्घटना में घायल व्यक्ति के परिजनों ने आरोप लगाया था कि निजी एंबुलेंस के चालक ने घायल को ले जाने के लिए 1500 रुपये लिए। मामले में डीएम ने सीएमओ को जांच के आदेश दिए थे। सीएमओ नैनीताल ने संभागीय परिवहन अधिकारी ऊधम सिंह नगर को एंबुलेंस के चालक का लाइसेंस सस्पेंड करने को पत्र लिखा था। इसके बाद सहायक सम्भागीय अधिकारी ने आयुष्मान मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सालय काशीपुर की एम्बुलेंस यूके 18 पीए– 0290 के चालक का लाइसेंस तीन माह के लिए सस्पेंड कर दिया है।


वाहन चालक इस अवधि में वाहन का संचालन नहीं कर सकेगा। इस दौरान यदि वह वाहन का संचालन करते पाया गया तो उस पर कानूनी कार्रवाई होगी। मार्चूला सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को रामनगर से एसटीएच हल्द्वानी में उपचार के लिए लाते समय स्थानीय प्रशासन ने निजी एंबुलेंस उपलब्ध कराई थी। आरोप था कि आयुष्मान मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सालय काशीपुर की एंबुलेंस के चालक ने घायल मरीज रमेश रावत के तीमारदार उदय से पेट्रोल के लिए 1500 रुपये की मांग की।

मामले में सीएमओ नैनीताल ने चालक का स्पष्टीकरण मांगा पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। सीमएमओ ने घायल रमेश रावत के 1500 रुपये एम्बुलेंस चालक से वापस दिलवा दिए हैं। हालांकि चालक योगेश कुमार ने मामले में माफी मांग ली है।

### काश्तकारों का 28 सदस्य दल हिमांचल के लिए रवाना

**संवाददाता** उत्तरकाशी। उत्तरकाशी से सोमवार को कीवी और सेब के तकनीकी प्रशिक्षण के लिये काश्तकारों का 28 सदस्यीय दल हिमाचल प्रदेश के उद्यान एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी (सोलन) के लिए रवाना किया गया। दल को सीडीओ एसएल सेमवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीडीओ एसएल सेमवाल ने बताया कि हिमाचल के सोलन में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में स्थानीय काश्तकार मौसम के अनुरूप उत्पादित कीवी और सेब संबंधी जलवायु परिवर्तन की बारिकियों के बारे जानकारी प्राप्त करने के साथ ही विस्तृत रूप से विश्वविद्यालय द्वारा प्रयोगात्मक तरीके से काश्तकारों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य उद्यान अधिकारी डीके तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

*गलती करने में बुराई नहीं है, बुराई तब है जब हम उन गलतियों से सीख नहीं लेते हैं और उन्हें दोहराते जाते हैं। -अज्ञात*





पेज थ्री
www.page3news.in

# बंधकों की रिहाई का सवाल

**दोनों देशों के रुख में आई इस नरमी ने शांति प्रयासों की सफलता की गुंजाइश बढ़ा दी है। देखा जाए तो हिजबुल्लाह और हमास के शीर्ष नेतृत्व का काफी हद तक सफाया करने के बाद इस्राइल की नेतन्याहू सरकार अब यह कह सकती है कि उसका अभियान निष्फल नहीं रहा।**

अनुज श्रीवास्तव।।

इस्राइल ने महीने की शुरुआत में हुए ईरानी हमले का जवाब देते हुए करीब 100 लड़ाकू विमानों के जरिए उस पर हमला किया। इस रूप में जरूर यह एक गंभीर घटना कही जाएगी कि पहली बार इस्राइल ने ईरान पर सीधा हमला किया है, लेकिन कई ऐसे संकेत हैं जो बताते हैं कि इस कार्रवाई के बाद मध्यपूर्व में तनाव कम करने के प्रयास जोर पकड़ सकते हैं।

इस्राइल की इस कार्रवाई ने उसे यह दावा करने की सहूलियत दे दी है कि जैसे को तैसा की तर्ज पर जवाब देकर उसने ईरान से हिसाब बराबर कर लिया है, लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि न तो इस सैन्य कार्रवाई की जद में परमाणु और तेल ठिकानों को शामिल किया गया और न ही आम लोगों को नुकसान पहुंचाया गया। जानकारों के मुताबिक, यह इस बात का संकेत है कि इस्राइल का इरादा मामले को और भड़काने का नहीं है।



हमले पर ईरान की सतर्क और संतुलित प्रतिक्रिया भी कुछ ऐसा ही संकेत दे रही है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने हमले के बाद कहा कि उसे आत्मरक्षा में कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। ध्यान रहे, उसने इस हमले का बदला लेने जैसी कोई बात नहीं कही। इसके उलट कुछ समय बाद ईरानी सेना की ओर से जारी बयान में यह संकेत दिया गया कि अगर गाजा पट्टी और लेबनान में जारी इस्राइल की जमीनी कार्रवाई पर किसी तरह की रोक लगती है, कोई युद्धविराम लागू होता है तो उसके जवाबी हमले की संभावना और कम हो जाएगी। दोनों देशों के रुख में आई इस नरमी ने शांति प्रयासों की सफलता की गुंजाइश बढ़ा दी है। देखा जाए तो हिजबुल्लाह और हमास के शीर्ष नेतृत्व का काफी हद तक सफाया करने के बाद इस्राइल की नेतन्याहू सरकार अब यह कह सकती है कि उसका अभियान निष्फल नहीं रहा। ऐसे में बड़ा सवाल यह हो जाता है कि आखिर बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने में उसे और कितना वक्त लगेगा। अगर मध्यस्थता के प्रयासों के जरिए बंधकों की रिहाई का कोई सर्वमान्य फॉर्म्युला निकलता है तो सभी पक्षों के लिए राहत की बात होगी।

यह सही समय है कूटनीति के जरिए शांति को एक और मौका देने का। इसमें दो राय नहीं कि इस्राइल और फलस्तीन का मूल विवाद काफी जटिल है, इसे रातोरात हल नहीं किया जा सकता, लेकिन तात्कालिक तौर पर यथास्थिति को स्वीकार करते हुए शांति स्थापित करने और फिर मूल विवाद को बातचीत से हल करने का प्रयास जारी रखने पर सहमति भी कोई कम बड़ी उपलब्धि नहीं होगी।

## ज्यादा तरक्की

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** सेठ की सारा दुख दर्द खत्म होने के बाद भी वह बिल्कुल फ्री है मिजाज में थे, उन्होंने भगवान श्री गणेश जो प्रकट हुए थे दूसरी बालक के रूप में से काम पर रख लिया।
उसने अपने काम पर रख लिया वैसे ही उसके दुकान में काफी ज्यादा तरक्की होने लगी थी।
कुछ दिन काम करते–करते भगवान श्री गणेश उसके काफी अच्छे एंप्लॉय हो गए लेट हो गए थे मतलब की वह अच्छे काम करते थे अब पूरी समझदारी से काम किया करते थे।
अब भगवान श्री गणेश जी को सेठ सेठानी गणेशा नाम से बुलाया करते थे। सेठ और सेठानी गणेशा के काम से बहुत ज्यादा खुश हुआ करते थे जिस कारण से उन्हें आप अपने दुकान से हटाकर अपने घर लेकर गए थे काम करने के लिए। अब गणेशा सेठ सेठानी के घर में जाकर काम किया करता था।...**शेष कल**

## संपादकीय

### नित नए प्रयोग

जिस तरह से चीन ने भारत को हर स्तर पर टारगेट करने की कोशिश की है, उससे यह और स्वाभाविक हो जाता है। अगर हमारी इलेक्ट्रॉनिक्स में या किसी सेक्टर में इतनी डिपेंडेंस है चीन के ऊपर और चीन डोमिनेट करता है सप्लाई चेन को तो चीन का पलड़ा भारी हो जाता है, जिसे भारत को खत्म करना होगा। मुझे लगता है उसके लिए भी यह जरूरी है कि जो टेक्नॉलजी हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर है, उसकी सिक्यॉरिटी को भारत किस तरह से बचा पाता है। इसे देखते हुए भारत के लिए यह भी स्वाभाविक हो जाता है कि वह चीन के साथ जो टेक्नॉलजिकल रिलेशनशिप है, उसे कैसे साधता है? इसे देखते हुए भारत ने कुछ प्रयोग किए हैं और प्रयोग करने की कोशिश हो रही है और सिक्यॉरिटी चेक्स की बात इसी का नतीजा है। अब सवाल इसमें दो उठते हैं। एक तो यह कि कितनी दूर तक यह प्रयोग जा सकता है और दूसरा यह कि कितनी दूर तक भारत इसको ले जाता है?

चीन ने सामरिक मुद्दों पर, ब०र्डर के मुद्दों पर, राजनीतिक डिप्लोमेटिक मुद्दों पर जिस तरह से भारत को नजरअंदाज किया है, उसके हितों को नजरअंदाज किया है, वह सबके सामने है।

# चीन पर निर्भरता

हर्ष वी. पंत।।

पिछले दिनों खबर आई कि भारत सरकार चीनी इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों जैसे स्मार्ट मीटर, पार्किंग सेंसर, ड्रोन पार्ट्स, यहां तक कि लैपटॉप और पीसी की भी सुरक्षा जांच करने पर विचार कर रही है। यह दो तरह से महत्वपूर्ण बात है। एक तो यह कि जो कुछ मध्य पूर्व में हो रहा है, जिस तरह से इस्राइल ने वॉकी–टॉकी, पेजर अटैक किए हिजबुल्लाह के खिलाफ, उससे युद्ध की तस्वीर बदल रही है और उसमें टेक्नॉलजी की भूमिका काफी बढ़ गई है। भारत का सबसे बड़ा सिक्यॉरिटी चौलेंज चीन है तो यह भी स्वाभाविक है कि वह चीन पर या चीन से इंपोर्ट हो रहे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की निगरानी करने की कोशिश करेगा। यह बदलती हुई तस्वीर है जियो पॉलिटिक्स की, टेक्नॉलजी की और युद्ध की, जिसे ध्यान में रखते हुए भारत ने यह कदम उठाया है।



दूसरी बात, चीन भारत के लिए बहुत बड़ा एक स्ट्रैटिजिक चौलेंज बना हुआ है। 2020 में जबसे गलवान की घटना हुई है, उसके बाद भारत ने बहुत प्रखरता के साथ चीन की आक्रामकता का जवाब दिया है। भारत ने यह कोशिश की है कि वह चीन के सामने सामरिक तौर पर खड़ा हो पाए और उस पर आर्थिक निर्भरता कम कर पाए। हालांकि आर्थिक निर्भरता अभी बहुत कम हुई नहीं है, ट्रेड अभी भी चीन के साथ काफी ज्यादा है और हमारी डिपेंडेंस जो खासकर इंटरमीडिएट गुड्स की है, जिनसे हमारे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में काम होते हैं, वह बहुत ज्यादा है।

भारत के सामने यह समस्या है कि उसे अपनी अर्थव्यवस्था को भी संभालना है। उसके लिए चीन के साथ भारत के संबंध ऐसे होने चाहिए जिससे चीन से जरूरी सामान मिलते रहें। हमारी मैन्युफैक्चरिंग बढ़ती रहे, क्योंकि हमें अपना मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर भी ग्रो करना है और बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था को संभालना है। भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए, उस कोशिश में वह लगातार लगा है। दूसरी तरफ भारत को चीन से जो सामरिक खतरा है उससे भी निपटना है। चीन ने सामरिक मुद्दों पर, बॉर्डर के मुद्दों पर, राजनीतिक डिप्लोमेटिक मुद्दों पर जिस तरह से भारत को नजरअंदाज किया है, उसके हितों को नजरअंदाज किया है, वह सबके सामने है। भारत इसे कैसे बैलेंस कर पाता है, यह उसकी चाइना पॉलिसी के लिए बहुत इंपॉर्टेंट है।

चीन के इलेक्ट्रॉनिक गुड्स की सिक्यॉरिटी जांच एक तरह से मेजर पॉलिसी मूव है। यह दिखाता है कि किस तरह से भारत चीन को साध रहा है, और जो बढ़ते हुए खतरे हैं उनसे निपटने की कोशिश कर रहा है। दोनों का अगर आप मिला–जुला नतीजा देखें तो इस पॉलिसी में आपको दिखता है कि यह ना सिर्फ सामरिक मुद्दों पर या बदलती हुई तकनीक से जो सिक्यॉरिटी रिस्क बन रहे हैं, उनसे प्रेरित है बल्कि चीन जो भारत का सबसे बड़ा चौलेंज और बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है उसको भी टारगेट करने की कोशिश है। सामरिक मोर्चे पर तो भारत काफी हद तक कामयाब कहा जा सकता है लेकिन आर्थिक तौर पर इस लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाना आसान नहीं है। तो डिपेंडेंसी कैसे कम की जाए, और कैसे चीन के साथ आर्थिक संबंधों को सामरिक संबंधों के साथ एक तरह से बैलेंस में लाया जाए, यह भी भारत को देखना है।

## अष्टयोग- 4965

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 1 | 3 | | | |
| | 30 | | 21 | 1 | 35 | 7 |
| 1 | | 2 | | 3 | 7 | |
| | 29 | 6 | 40 | | 34 | |
| | 3 | | 7 | 6 | 1 | 2 |
| | 33 | | 42 | | 26 | |
| 3 | 1 | | | 2 | | 4 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 4964 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 7 | 33 | 2 | 34 | 3 | 29 | 6 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 6 | 28 | 1 | 36 | 2 | 30 | 4 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 30 | 7 | 41 | 4 | 37 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### तकनीकी रिश्ते

**मोहन।** इस विषय पर कुछ विचार भी बजट के समय प्रकट किए गए थे। भारत के वित्त मंत्रालय के जो इकॉनमिक अडवाइजर हैं, उन्होंने कहा था और अब आगे आने वाले समय में यह बात और आगे बढ़ेगी। हालांकि भारत ने अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा है। उन्होंने यह नहीं कहा है कि हम पुनर्विचार कर रहे हैं, लेकिन एक तरफ भारत अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ाना चाह रहा है और दूसरी तरफ चीन से डिपेंडेंस को कम करना चाह रहा है। अब तक जो पॉलिसी रही है, उस पर गौर करें तो साफ हो जाता है कि चीन को लेकर भारत में एक तरह का अंतर्द्वंद्व चल रहा है कि उसके साथ किस तरह के संबंध बनाए जाएं। गलवान के बाद यह कोशिश की गई कि हम चीन पर जिस तरह से आर्थिक तौर पर निर्भर हैं, उसे कम करेंगे। दूसरी तरफ हम यह कोशिश करेंगे कि सामरिक तौर पर उनके सामने खड़े हो पाएं। खास तौर पर भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को इसमें परेशानी हो रही है, क्योंकि वह चीन से इंपोर्ट पर डिपेंडेंट है।





## कंगना रनौत की नानी इंद्राणी ठाकुर का निधन, 100 साल से अधिक थी उम्र

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की नानी इंद्राणी ठाकुर का निधन हो गया है। उनकी उम्र 100 साल से अधिक थी। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर नानी की दो तस्वीरें शेयर कर फैंस के साथ यह दुखभरी खबर साझा की है। उन्होंने बताया कि नानी चल बसीं। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने एक भावुक कर देने वाला नोट भी लिखा है। एक्ट्रेस को इंस्टाग्राम पर फॉलो करने वाले फैंस इस बात से वाकिफ होंगे कि वह अपनी नानी के काफी करीब थीं और अक्सर उनकी तस्वीरें शेयर करती रहती थीं। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी जो पहली तस्वीर शेयर की है, उसमें वह नानी इंद्राणी के साथ बैठी हैं और दोनों हंस रहे हैं। जबकि दूसरी तस्वीर में बीमार नानी बिस्तर पर लेटी हैं। कंगना उनके सिर पर अपना सिर रखकर उदास बैठी हैं। कंगना ने तस्वीरों के साथ नोट में लिखा है, कल रात मेरी नानीजी इंद्राणी ठाकुर जी का निधन हुआ। पूरा परिवार शोक में है। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। वह आगे लिखती हैं, मेरी नानी एक असाधारण महिला थीं, उनके 5 बच्चे थे। नाना के पास सीमित संसाधन थे, फिर भी उन्होंने अपने सभी बच्चों को अच्छे संस्थानों में उच्च शिक्षा दिलवाई। उन्होंने जोर दिया कि उनकी शादीशुदा बेटियां भी काम करें और अपना करियर बनाएं। हम अपनी नानी जी के बहुत आभारी हैं।

## त्रिपुंड लगाए प्रभास का शिव अवतार लीक, भड़के मेकर्स

साउथ के स्टार प्रभास के पास कई फिल्में हैं, जिनमें मुकेश कुमार सिंह की विष्णु मांचू स्टारर कन्नप्पा भी शामिल है। प्रभास ने फिल्म में एक कैमियो रोल किया है और उनके रोल के बारे में भी ज्यादा कुछ नहीं पता है। हालांकि, उनका लुक हाल ही में एक्स पर लीक हो गया और सबको पता चल गया कि प्रभास क्या रोल करने वाले हैं। अब फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने एक बयान जारी कर फैंस से तस्वीर को वायरल न करने के लिए कहा और अपराधी को पकड़ने में मदद करने वाले को इनाम देने की भी पेशकश की। जैसे ही प्रभास के फैंस ने एक्स पर कन्नप्पा के सेट से उनकी फोटो वायरल करना शुरू किया, 24 फ्रेम्स फैक्ट्री ने कन्नप्पा टीम की ओर से एक जरूरी अपील की और बताया कि वे अपराधी को पकड़वाने वाले को इनाम देंगे। उनके बयान में लिखा है, पिछले आठ वर्षों से, हमने कन्नप्पा में अपना दिल और आत्मा लगा दी है। दो साल के गहन निर्माण के बाद, हमारी टीम आपके लिए बेजोड़ गुणवत्ता और जुनून की फिल्म लाने के लिए तैयार है। यह बहुत दुख की बात है कि हमें हाल ही में पता चला कि फिल्म से एक इमेज चोरी हो गई है और बिना जानकारी के लीक हो गई है। हम कानूनी कार्रवाई करेंगे।

## रोहित शेट्टी ने अजय देवगन संग कन्फर्म की गोलमाल 5



रोहित शेट्टी इस वक्त सिंघम अगेन की सफलता से खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। इसी बीच उन्होंने न सिर्फ अजय देवगन के साथ गोलमाल 5 कन्फर्म कर दी है, बल्कि एक्टर संग ऑल द बेस्ट के सीक्वल को लेकर भी बड़ा हिंट दिया है। रोहित शेट्टी ने कई हिट कॉमेडी और एक्शन फिल्में बनाई हैं। गोलमाल फ्रैंचाइज रोहित शेट्टी ने बताया कि उन्हें ऑल द बेस्ट्स के अगले पार्ट के लिए फैंस की काफी रिक्वेस्ट आ रही हैं। उन्होंने हिंट दिया कि ऑल द बेस्ट 2 बनेगी। रोहित शेट्टी ने कहा, मैं इंटरव्यू दे रहा हूं और युवाओं से मिल रहा हूं और अचानक ऑल द बेस्ट एक कल्ट फिल्म बन गई है। लोगों ने मुझसे पूछा, आप ऑल द बेस्ट क्यों नहीं बना रहे? धोंधू, डोंट जस्ट चिल लाइक दैट। वहीं, रोहित शेट्टी ने गोलमाल 5 पर भी बात की, और कहा कि अब एक्शन फिल्मों के बाद वह वापस कॉमेडी की तरफ लौटेंगे। रोहित ने कहा कि अब अगली फिल्म श्गोलमाल 5 होगी। इसमें अजय देवगन होंगे। फिलहाल वह रोहित शेट्टी की लेटेस्ट रिलीज सिंघम अगेन में नजर आ रहे हैं। दिवाली पर रिलीज हुई इस फिल्म ने 8 दिन में 180.50 करोड़ रुपये कमाए हैं।

# जीनत अमान को सास-ससुर ने शादी तोड़ने पर दी थी सजा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*जीनत अमान अपने करियर में बेहद सफल स्टार रहीं, पर निजी जिंदगी में काफी दुख झेले। करियर के पीक पर साल 1985 में उन्होंने एक्टर मजहर खान से शादी कर ली थी। हालांकि, यह शादी बहुत दर्दनाक और मुश्किलों भरी रही, जिसके बारे में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में भी खुलासा किया था। नौबत यहां तक आ गई थी कि औलाद की खातिर 12 साल तक जैसे-तैसे रिश्ता निभाया, और फिर अलग हो गईं। लेकिन इसके कारण जीनत अमान को सास-ससुर का गुस्सा झेलना पड़ा था।*

**बच्चों को मेरे खिलाफ भड़काया**

जीनत अमान ने सिमी ग्रेवाल के शो में बताया था कि सास-ससुर ने उन्हें मजहर खान के साथ शादी तोड़ने की क्या सजा दी थी। जीनत ने मजहर खान संग शादी और उसके बाद झेली गईं मुश्किलों के बारे में काफी कुछ बताया था।

**ड्रग्स की लत, डक्टरों ने दी थी चेतावनी**

जीनत अमान ने बताया था कि उनके पति मजहर खान को पेनकिलर्स और ड्रग्स की बुरी लत लग गई थी। एक वक्त तो ऐसा भी आया, जब मजहर खान एक ही दिन में सात-सात गोलियां खाने लगे। डॉक्टरों ने भी कह दिया था कि यही हाल रहा तो इनकी किडनियां खराब हो जाएंगी।

**जीनत का मजहर खान को छोड़ने का फैसला**



जीनत अमान के मुताबिक, वह और उनके बच्चे मजहर खान से गुजारिश करते कि वो ड्रग्स और पेनकिलर्स इतनी ना खाएं, लेकिन वह मानने को तैयार ही नहीं हुए। नतीजा यह हुआ कि मजहर खान की किडनियां खराब होने लगीं और तब एक्ट्रेस ने उन्हें छोड़ने का फैसला कर लिया।

**यह बोली थीं जीनत अमान**

हालांकि, मजहर खान को छोड़ने और शादी तोड़ने का जीनत का फैसला बहुत मुश्किल भरा था। एक्ट्रेस ने कहा था, मैंने जब अलग होने का फैसला किया, तब भी मैं उनकी परवाह करती थी। मुझे अंदरूनी कई लड़ाइयां लड़नी पड़ीं।

# मलाइका अरोड़ा ने 22 साल के बेटे को किया बर्थडे विश



*मलाइका अरोड़ा ने अपने बेटे अरहान खान को 22वें बर्थडे पर खास तरीके से विश किया है। उन्होंने उनकी कुछ पुरानी फोटोज शेयर करके जन्मदिन की बधाई दी है। मलाइका को देखकर उनके कुछ फैंस कह रहे हैं कि वो पहले से ज्यादा कुछ बदली नहीं हैं।*

मलाइका अरोड़ा अक्सर अपने बेटे के साथ क्वॉलिटी टाइम स्पेंड करती नजर आती हैं। 9 नवंबर को उनके बेटे अरहान अपना बर्थडे मना रहे हैं। इस मौके पर मामा मलाइका ने उन्हें खास तरीके से विश किया है और बधाई दी है, जिसमें कुछ बेहद प्यारी थ्रोबैक तस्वीरें भी हैं। मलाइका ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अरहान के साथ फोटोज शेयर कीं। उन्होंने फोटोज शेयर करके कैप्शन लिखा और उन्हें अपना बेबी बॉय कहा। मलाइका अरोड़ा ने अपने बेटे की चार तस्वीरें शेयर कीं। पहले में, वह एक छोटे अरहान को गले लगाते हुए देखी जा सकती हैं, जो स्कूल से लौटे हुए लग रहे हैं। दूसरी तस्वीर में मलाइका और अरहान बातचीत करते नजर आ रहे हैं। मलाइका ने ट्वाइलाइट ब्लू पफर जैकेट पहना हुआ है और अरहान गहरे नीले रंग का स्वेटर पहने हुए हैं।

**मलाइका अरोड़ा ने बेटे को किया बर्थडे विश**

तीसरी फोटो एक कोलाज है। बायीं ओर अरहान की स्विमिंग करते हुए तस्वीर है और दायीं ओर बेबी अरहान के साथ मलाइका की तस्वीर है। आखिरी फोटो में अरहान फर्श पर बैठे अपने कुत्ते कैस्पर के साथ खेल रहे हैं। फोटो में अरहान ने कोरल पिंक शर्ट और हल्के नीले रंग की डेनिम पहनी हुई है।

**अरहान खान के २२वें बर्थडे पर मलाइका अरोड़ा**

मलाइका अरोड़ा के बेटे अरहान 9 नवंबर, 2024 को अपना 22वां जन्मदिन मना रहे हैं। भले ही अरहान बड़े हो गए हैं लेकिन वह अपनी मां के लिए एक बच्चे ही हैं। मलाइका अपने बेटे को लेकर काफी प्रोटेक्टिव रहती हैं। पुरानी फोटोज के साथ मलाइका ने एक नोट भी लिखा, जिसमें लिखा था, जन्मदिन मुबारक हो मेरे बच्चे मां तुम्हें सबसे ज्यादा प्यार करती है।

**दोस्तों ने लुटाया प्यार**

जैसे ही एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट शेयर किया, शुभकामनाएं आने लगीं। एक्टर्स, फैंस और दोस्तों सभी ने अरहान को शुभकामनाएं दीं। कमेंट सेक्शन में संजय कपूर, सोफी चौधरी, स्टाइल क्यूरेटर अंतरा मोतीवाला मारवाह, सबा पटौदी, श्वेता बच्चन नंदा जैसे सेलेब्स ने उन्हें विश किया।

# किसी भी डिजीज का किया जा सकता है अर्ली डिजीज डिटेक्शन



**अर्ली डिसीस डिटेक्शन का महत्त्व**

यह प्रक्रिया काफी जरूरी होती है क्योंकि किसी भी बीमारी का इलाज शुरू करने से पहले उसको पकड़ना जरूरी होता है। अगर बीमारी ज्यादा फैलने से पहले ही पकड़ में आ जाती है तो समय रहते ही उसको कंट्रोल किया जा सकता है और उस को नियंत्रित करने में आपके डॉक्टर सफल हो सकते हैं। मरीज को ज्यादा तकलीफ नहीं होती है और इलाज में ज्यादा खर्चा भी नहीं होता है। इसलिए आपको हर साल अपने मेडिकल चेक अप जरूर करवाते रहने चाहिए ताकि किसी भी बीमारी की अगर शुरुआत आपके शरीर में हो रही हो तो वह समय से ही पकड़ में आ सके।

*केवल डॉक्टरों के लिए ही नहीं बल्कि मरीजों के लिए भी तकनीक लाभदायक है। बहुत से मोबाइल हेल्थ ऐप और वेबसाइट मरीजों के लिए उपलब्ध है जहां वह अपने चेक अप या हेल्थ अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं।*

**अर्ली डिसीस डिटेक्शन के लाभ**

इसके होने से मरीजों की जान बचाई जा सकती है क्योंकि समय से बीमारी का डायग्नोसिस होने से बीमारी पर पहले ही नियंत्रण कर लिया जाता है जिस वजह से सर्वाइवल रेट बढ़ जाता है। मृत्यु दर को कम करने में भी अर्ली डिसीस डिटेक्शन ने काफी सहयोग दिया है। मरीज को संतुष्टि मिल जाती है की उसका इलाज संभव है और उसने समय से ही इलाज शुरू करवा लिया है।

**किन तरीकों का प्रयोग किया जाता है?**

बहुत सारी मेडिकल इमेजिंग जैसी तकनीकों का बीमारियों को डायग्नोज करने के लिए प्रयोग किया जाता है जैसे एक्स रे, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड आदि। अन्य बहुत सारे टेस्ट जैसे लैब में होने वाले टेस्ट, फिजिकल एग्जामिनेशन जिसमें नियमित रूप से होने वाले चेक अप आदि शामिल होते हैं, जेनेटिक टेस्टिंग आदि शामिल होते हैं। इसके अलावा एआइ और मशीन लर्निंग जैसी तकनीकों का प्रयोग करके भी कुछ टेस्ट आदि किए जाते हैं।

**अर्ली डिसीस डिटेक्शन में तकनीक का रोल**

आज के समय में तकनीक आगे बढ़ती ही जा रही है और डॉक्टरों के पास उपलब्ध यंत्रों और टूल्स का भी तकनीकीकरण और एडवांसमेंट हो रहा है जोकि एक अच्छी बात है। अर्ली डिसीस डिटेक्शन में भी तकनीक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज के समय में एआई और मशीन लर्निंग जैसी तकनीकों का प्रयोग काफी मुश्किल जगहों का डायग्नोस करना भी संभव हो पा रहा है।

**क्या अर्ली डिसीस डिटेक्शन में कोई चुनौती भी है?**

मरीजों के लिए इसमें चुनौतियां आ सकती हैं जैसे डॉक्टरों तक पहुंचना या फिर उन्हें इतनी जागरूकता नहीं मिलती है की वह अपना समय से रेगुलर चेक अप करवाते रहें। आमतौर पर भारत में लोग तब ही अस्पताल जाते हैं जब उन्हें कोई लक्षण दिखता है।



## इन लक्षणों से पहचाने कहीं कान में इन्फेक्शन तो नहीं, जानें इसके कारण

कान में इन्फेक्शन आपके मिडिल ईयर में होने वाले इन्फेक्शन को कहा जाता है। आपके ईयर ड्रम के पीछे एक हवा से भरा हुआ सैक होता है और उसमें छोटी छोटी हड्डियां होती हैं जिन्हें वाइब्रेटिंग बोन भी कहा जाता है। इसे ही मिडिल ईयर कहा जाता है। यह इंफेक्शन होने का अधिक रिस्क बड़ों के मुकाबले बच्चों में ज्यादा होता है। इस इन्फेक्शन में छोटी छोटी संकीर्ण ट्यूब्स जोकि मिडिल ईयर से गले तक जाती हैं, सूज जाती हैं और ब्लॉक भी हो जाती हैं। इस कारण आपके मिडिल ईयर में म्यूकस इकट्ठा होने लगता है। यह म्यूकस संक्रमित हो जाता है और कान में इन्फेक्शन हो जाता है। इसमें आपको थोड़ा बहुत दर्द हो सकता है इसलिए आपको दर्द मैनेज करने के बारे में जानना चाहिए। बच्चों में कान में दर्द होने लगता है और खास कर तब जब वह लेटते हैं। छोटे बच्चों में रोना, सोने में तकलीफ होना , बच्चे का हर समय चिड़चिड़ा रहना, किसी आवाज का रिस्पॉन्ड न करना या ढंग से उन्हें सुनाई न देना, कुछ केसों में बुखार हो जाना, सिर दर्द होना, काम से लिक्विड सा निकलना, भूख न लगना आदि लक्षण देखने को मिल सकते हैं। बड़ों में केवल कान में दर्द होना, सुनाई देने में दिक्कत होना, कान से फ्ल्यूड निकलने जैसे आम लक्षण ही देखने को मिलते हैं। यह इंफेक्शन आपके कान में बैक्टीरिया या वायरस के संक्रमण के कारण होता है। इस इन्फेक्शन के कारण आपको फ्लू, कोल्ड जैसे अन्य इन्फेक्शन भी हो सकते हैं।

## कच्चा या भिगोकर नहीं, सर्दियों में 5 तरीके से खाएं बादाम

सर्दियां शुरू हो गई हैं और इन दिनों बादाम खाना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटीशियन शिखा अग्रवाल शर्मा आपको बता रही हैं कि सर्दियों में बादाम का कैसे सेवन करना चाहिए जिससे आपको बादाम से दस गुना ताकत मिल सके।

बादाम में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम होती है, लेकिन फाइबर, प्रोटीन और हेल्दी फैट्स अधिक होते हैं, जिससे ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। इसके फाइबर गुण कब्ज से राहत दिलाते हैं, बादाम में पोटेशियम होता है और सोडियम की मात्रा कम होती है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। बादाम का नियमित सेवन आपके शरीर को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रखने में मदद करता है। हल्का भुना हुआ या ताजा बादाम दिनभर के स्नैक्स के रूप में भी खाया जा सकता है। यह भूख मिटाने और सर्दियों के ठंड में शरीर को ऊर्जा बनाए रखने में सहायक होता है। बादाम को चाय या गर्म दूध में डालकर सेवन कर सकते हैं। इससे न केवल पेय का स्वाद बढ़ेगा, बल्कि बादाम के पोषक तत्व भी शरीर को मिलेंगे।

# इंटेस्टाइनल ट्रैक्ट में इंफेक्शन फैलने का कार्य करता है ई कोली बैक्टीरिया



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*ई कोली बैक्टीरिया का एक समूह है और इसके कारण आपको पेट में या गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल ट्रैक्ट में इन्फेक्शन हो सकता है। कई बार यह बैक्टीरिया आपको किसी तरह का नुकसान पहुंचाएं बिना भी आपके पेट में रह सकते हैं लेकिन कई बार आपको इनके द्वारा कुछ पाचन से जुड़े लक्षण देखने को मिल सकते हैं जैसे ज्यादा डायरिया हो जाना, उल्टी होना, मितली आना, आपको इसके कारण फीवर तक आ सकता है। ई कोली का प्रॉडक्शन अगर शिगा टॉक्सिन ने किया है तो इस स्थिति में आप गंभीर बीमार हो सकते हैं और लक्षण भी ज्यादा देखने को मिल सकते हैं। हालांकि ई कोली बैक्टीरिया आपको पाचन में मदद भी करते हैं लेकिन इनके कुछ स्ट्रेन आपको बीमार करने के जिम्मेदार होते हैं। इनके द्वारा भी आप को हल्के फुल्के लक्षणों वाला इन्फेक्शन ही होता है जो कुछ दिनों में अपने आप ठीक भी हो जाता है। अगर ज्यादा गंभीर लक्षण हैं तो आपको डॉक्टर के पास जाना पड़ सकता है। आइए जानते हैं इस बैक्टीरिया समूह के बारे में।*

**लक्षण**

इसका सबसे मुख्य लक्षण डायरिया है। फ्रेश होते समय आपका स्टूल पानी के टेक्सचर का होगा और कई बार उसमें खून भी आ जाता है। पेट में ज्यादा दर्द होना, भूख न लगना, हल्का बुखार होना आदि इसके हल्के लक्षणों में शामिल है। अगर यह बैक्टीरिया आपके यूरिनरी ट्रैक्ट को संक्रमित करते हैं तो आपको कुछ अधिक लक्षण देखने को मिल सकते हैं जैसे पेल्विक पेन, पेशाब करते समय जलन होना या दर्द होना, बार बार पेशाब करने की जरूरत महसूस होना और पेशाब से गंदी बदबू आना।



**कारण**

ई कोली नाम का बैक्टीरिया ही इस इन्फेक्शन का कारण होता है। इस बैक्टीरिया का पूरा समूह होता है और उसके कई स्ट्रेन आपको बीमार करते है। कुछ लक्षण दूसरों से अधिक गंभीर होते हैं। शिगा टॉक्सिन नाम के स्ट्रेन को सबसे अधिक खतरनाक और गंभीर माना जाता है। इसमें आपके लक्षणों की गंभीरता काफी हद तक बढ़ जाती है और इस केस में आपको अपने डॉक्टर की मदद लेनी ही पड़ती है। यह ऐसे टॉक्सिंस को रिलीज करता है जिससे आपकी सेल्स डैमेज होती हैं।

**यह बैक्टीरिया कैसे फैलते है?**

यह बैक्टीरिया इतने छोटे होते हैं की कोई सामान्य व्यक्ति आंखों से इन्हें देख ही नहीं पाता है। ऐसे में यह बैक्टीरिया आपके पूप से आपके मुंह या फिर डाइजेस्टिव ट्रैक्ट में प्रवेश कर जाते हैं और इस प्रकार आपको यह संक्रमण होता है। इसके कई स्ट्रेन आधा पका खाना खाने से या बिना उबले दूध का सेवन करने से भी फैलते हैं। इसलिए आपको हमेशा अच्छे से पके हुए खाने का ही सेवन करना चाहिए और दूध जैसी चीजों को उबाल कर ही पीना चाहिए। आपको पानी भी फिल्टर का पीना चाहिए और फ्रेश होने के बाद अपने हाथों को अच्छे से धोना चाहिए।

**क्या यह बैक्टीरिया संक्रामक होते हैं?**

जी हां, यह बैक्टीरिया संक्रामक होते है। यह एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे में फैल सकते हैं। हालांकि यह बात ध्यान रखनी चाहिए की यह छींकने, खांसने या फिर अन्य ड्रॉप्स से नहीं फैलता है। अगर आप किसी वृद्ध या बच्चे की केयर कर रहे हैं जिसमें आपको उनके पूप को छूना पड़ रहा है उस स्थिति में यह संक्रमण आपको फैल सकता है। इसलिए आपको समय समय पर अच्छे से साबुन से अपने हाथों को धोते रहना चाहिए।


**इलाज**

इसके इलाज की अक्सर जरूरत नहीं पड़ती है क्योंकि यह अपने आप ही ठीक हो जाता है। लेकिन अगर आपके लक्षण अधिक हैं तो डॉक्टर आपको कुछ तरह के एंटी बायोटिक्स दे सकते हैं। आपको अपने आप को हाइड्रेटेड रखना चाहिए।

## ठंड के 4 महीनों तक पूरा कैल्शियम-विटामिन डी देंगे ये फल



कैल्शियम और विटामिन डी हड्डियों की डेंसिटी बढ़ाकर ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों से बचाव करते हैं, मांसपेशियों की ताकत बढ़ाते हैं, तंत्रिका तंत्र के कामकाज को सही करते हैं, खून जमाने में मदद करते हैं, हार्मोन और एंजाइम के स्राव को कंट्रोल करते हैं। खजूर कैल्शियम और अन्य खनिजों का बेहतरीन स्रोत है, जो शरीर को ऊर्जा और हड्डियों को मजबूती देता है। प्रति 100 ग्राम में लगभग 64 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। इसके अलावा सेब, शरीफा केला जैसे फल भी खाएं। कीवी में कैल्शियम और कई पोषक तत्व होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं और हड्डियों को लाभ पहुंचाते हैं। 100 ग्राम कीवी फल में लगभग 34 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। अमरूद में कैल्शियम और विटामिन डी की अच्छी मात्रा होती है, जो हड्डियों को मजबूत बनाती है और शरीर के लिए फायदेमंद होती है। 100 ग्राम अमरूद में लगभग 18 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। सूखे और ताजे अंजीर में भरपूर कैल्शियम होता है। ये सर्दियों में शरीर को गर्म और हड्डियों को मजबूत बनाए रखने में मदद करते हैं। 100 ग्राम सूखे अंजीर में 162 मिलीग्राम कैल्शियम होता है, जबकि 100 ग्राम ताजे अंजीर में 35 मिलीग्राम कैल्शियम होता है।



ट्रांस महिलाओं के लिए कोई उचित नियम नहीं

## संजय बांगड़ के बेटे आर्यन जेंडर बदलकर बन गए अनाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व बैटिंग कोच और पूर्व धाकड़ बल्लेबाज संजय बांगड़ के बेटे आर्यन ने जेंडर बदलकर अनाया बनने का फैसला किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर रील वीडियो भी शेयर किए, जिसमें वह पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली और एमएस धोनी के साथ दिख रहे थे। हालांकि, जब वीडियो वायरल हुआ तो उन्होंने डिलीट कर दिया। साथ ही उन्होंने एक लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखते हुए देश के लिए क्रिकेट नहीं खेल पाने का दर्द भी बयां किया है। रिपोर्ट की मानें तो अनाया एक स्थानीय क्रिकेट क्लब इस्लाम जिमखाना के लिए खेलती थीं, जिसके बाद वह लीसेस्टरशायर में हिंकले क्रिकेट क्लब का प्रतिनिधित्व करने लगीं। अब इंग्लैंड के मैनचेस्टर की निवासी होने के नाते यह समझा जाता है कि वह एक काउंटी क्लब के लिए भी क्रिकेट खेलती हैं, जिसके बारे में जानकारी नहीं है। अनाया ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपने सफर को लेकर रील शेयर किया था, जिसमें वह विराट कोहली और एमएस धोनी जैसे खिलाड़ियों के साथ आर्यन के रूप में दिख रही थीं। इसी रील में बल्लेबाज के रूप में उनके कौशल की झलक भी दिखाई गई, जिसमें एक पारी में उन्होंने 145 रन बनाए।

अनाया ने अपने इंस्टाग्राम पर इस बारे में पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने इस फैसले की अनुचित बताया है। उन्होंने लिखा- मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे उस खेल को छोड़ना पड़ेगा जो मेरा जुनून, मेरा प्यार रहा है। लेकिन यहां मैं एक दर्दनाक सच्चाई का सामना कर रही हूं.. जिस खेल से मैं इतने लंबे समय से प्यार करती रही हूं, वह मुझसे दूर होता जा रहा है। इससे ज्यादा दुख इस बात का है कि क्रिकेट में ट्रांस महिलाओं के लिए कोई उचित नियम नहीं हैं।

# मुझे लगता है कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के बारे में सोचना चाहिए

क्रिकेट

## गौतम गंभीर ने तीखा जवाब देकर कर दी रिकी पोंटिंग की बोलती बंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज रिकी पोंटिंग को लताड़ लगाई। गौतम गंभीर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विराट कोहली और रोहित शर्मा के सपोर्ट में उतरे और उन्होंने रिकी को तीखा जवाब देते हुए कहा कि बेहतर होगा कि वह अपनी नेशनल टीम पर ध्यान दें और उनके बारे में सोचे। अगर क्या वह रही जिस वजह से गौतम गंभीर का गुस्सा रिकी पोंटिंग पर फूटा?

दरअसल, रिकी पोंटिंग ने हाल ही में विराट कोहली की फॉर्म को लेकर सवाल खड़े किए। आईसीसी रिव्यू पर बातचीत करते हुए पोंटिंग ने कहा था कि मैंने पिछले दिनों विराट के बारे में एक आंकड़ा देखा, उसमें कहा गया था कि उन्होंने पिछले



पांच सालों में सिर्फ दो (तीन) टेस्ट शतक बनाए हैं। यह मुझे ठीक नहीं लगा, लेकिन अगर यह सही है, यह मेरा मतलब है कि यह चिंता की बात है।

रिकी पोंटिंग के इस कमेंट पर गौतम गंभीर ने हाल ही में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि पोंटिंग का भारतीय क्रिकेट से क्या लेना-देना? मुझे लगता है कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के बारे में सोचना चाहिए। मुझे विराट कोहली और रोहित शर्मा को लेकर कोई चिंता नहीं है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। गंभीर से जब पूछा गया कि क्या उन्हें डंकन फ्लेचर के समय जैसा दबाव महसूस होता है जब टीम बदलाव के दौर में थी, उन्होंने कहा, 'मैं बदलाव के बारे में नहीं बल्कि पांच टेस्ट मैचों के बारे में सोच रहा हूं। बदलाव हो या न हो, अगर ऐसा होना है तो होगा, लेकिन मैं भारतीय टीम में कुछ ऐसे अविश्वसनीय खिलाड़ियों को देख रहा हूं जो अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं।'

भारतीय कोच ने यह भी पुष्टि की अगर रोहित शर्मा निजी कारणों से पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाते हैं तो उप कप्तान जसप्रीत बुमराह टीम की कमान संभालेंगे। इसके अलावा प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए कहा कि सबसे अहम बात यह है कि वह दोनों अभी भी जमकर मेहनत करते हैं, वो अब तक जुनूनी हैं, वे अभी भी बहुत कुछ पाना चाहते हैं और यह जरूरी है। ड्रेसिंग रूम में भूख मेरे लिए बहुत जरूरी है।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले कप्तान रोहित को दिया अल्टीमेटम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम को हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 0-3 से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन के बाद हर कोई 'हिटमैन' की आलोचना कर रहा हैं। रोहित शर्मा समेत कई सीनियर्स इस सीरीज के बाद आराम पर हैं, जबकि युवाओं से सजी टी20 टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज खेल रही है।

बता दें कि 22 नवंबर से भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होने जा रहा है, जिससे पहले भारत की खराब फॉर्म ने हर किसी की चिंता बढ़ा दी है। इस बीच भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर अजय जडेजा ने एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि न्यूजीलैंड के हाथों टेस्ट सीरीज

■अजय जडेजा ने भारतीय टीम को लेकर दिया बड़ा बयान

गंवाने के बाद रोहित को बीसीसीआई से अल्टीमेटम मिला हैं।

दरअसल, न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से सूपड़ा साफ कराने के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया के लिए आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी काफी अहम है। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज 22 नवंबर से होना है। इस सीरीज में टीम इंडिया के सामने दो चुनौतियां है। एक तो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जीत हासिल करना और दूसरा डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाना। न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार के बाद भारत का डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना मुश्किल हो गया है। इस बीच पूर्व भारतीय टीम के कप्तान अजय जडेजा ने बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि हम फाइनल में नहीं पहुंच पाएंगे, लेकिन हम सीरीज जीत सकते हैं।

अजय जडेजा ने कहा कि कभी-कभी आपको जागने के लिए ऐसी हार की जरूरत होती है। हमने इस साल जीता है, हम सर्वश्रेष्ठ टीम है, हमारे पास सर्वश्रेष्ठ कप्तान है, लेकिन अचानक रोहित आलोचना का शिकार हो जाते हैं कि वह अच्छा नहीं कर रहे। मुझे उनके लिए काफी दुख है। हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में नहीं पहुंचे, लेकिन मेरा मानना है कि हम सीरीज जीत सकते हैं। हमारी टीम के पास कई बार ऑस्ट्रेलिया दौरा करने का अनुभव है, जबकि पहले के दौर में खिलाड़ी हर 8 साल में एक बार ही ऑस्ट्रेलिया जाते थे। अब हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं, हम एक खतरनाक टीम बन जाएंगे।

## संजू सैमसन कभी बनना चाहते थे आईपीएस ऑफिसर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन आज अपना 30वां जन्मदिन मना रहे हैं। संजू सैमसन धाकड़ बैटिंग और कमाल की विकेटकीपिंग स्किलिस के लिए जाने और पहचाने जाते हैं। वह आईपीएस ऑफिसर बनना चाहते थे, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। 11 नवंबर 1994 को जन्मे संजू सैमसन ने साल 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच खेलकर अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। उनकी आक्रामक बैटिंग स्टाइल की वजह से उन्हें व्हाइट बॉल क्रिकेट में जगह मिली और उनके नाम अभी तक कई रिकॉर्ड्स दर्ज हैं। संजू सैमसन टी20 इंटरनेशनल में भारत के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज, जिन्होंने सेंचुरी जड़ी है और टी20 में लगातार शतक जड़े हैं। संजू सैमसन को उनके बर्थडे पर फैंस से खूब प्यार मिल रहा है। सोशल मीडिया पर फैंस उन्हें जन्मदिन की बधाइयां दे रहे हैं।

## न्यूज डायरी



### इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने मारा साल का सबसे लंबे छक्का

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रिजटाउन। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर टी20 वर्ल्ड कप के बाद से क्रिकेट के मैदान से दूर थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज से वह वापस लौटे। सीरीज के पहले मैच में बटलर का बल्ला शांत रहा। रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर बटलर गोल्डन डक हो गए। सीरीज के दूसरे मैच में वह मैदान पर उतरे तो इंग्लैंड का स्कोर जीरो रन पर एक विकेट था। यहां से जोस बटलर ने मोर्चा संभालकर टीम को जीत दिलाई। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मैच में जोस बटलर ने 115 मीटर लंबा छक्का मार दिया। यह क्रिकेट इतिहास के सबसे लंबे छक्कों में एक है। 9वें ओवर की तीसरी गेंद पर वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती को सामने की तरफ छक्का मारा। कदमों का इस्तेमाल करके बटलर ने पूरी ताकत से गेंद को मारा। गेंद स्टेडियम के छत पर टप्पा खाने के बाद बाहर चली गई। 45 गेंद पर ठोके 83 रन जोश बटलर ने इस मैच में तूफानी बैटिंग की। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौकों के अलावा 6 छक्के भी मारे। फिल साल्ट पारी की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद बटलर बल्लेबाजी के लिए आए। विल जैक्स और बटलर के बीच दूसरे विकेट के लिए 72 गेंदों पर 129 रनों की साझेदारी हुई। इसमें जैक्स ने 29 गेंद पर 38 रन बनाए। इस दौरान बटलर ने 43 गेंद पर 83 रन ठोक दिए। वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला भी जीत लिया है।

### लॉकी फर्ग्यूसन ने दो ओवरों में ली हैट्रिक, वापसी को बनाया यादगार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के इस समय दिन शानदार चल रहे हैं। भारत को टेस्ट सीरीज में मात देने के बाद ये टीम इस समय श्रीलंका के दौर पर है और इस टीम के तूफानी गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ने कमाल ही कर दिया। फर्ग्यूसन ने पांच महीने बाद टी20 टीम में वापसी की और श्रीलंका के खिलाफ हैट्रिक ली। फर्ग्यूसन ने दो ओवरों में अपनी हैट्रिक पूरी की। उन्होंने छठे ओवर की आखिरी गेंद पर विकेट लिया। इसके बाद आठवें ओवर की पहली और दूसरी गेंद पर दो विकेट लेकर अपनी हैट्रिक पूरी की। ये फर्ग्यूसन की इस फॉर्मेट में पहली हैट्रिक है। इसी के साथ वह एक लिस्ट में शामिल हो गए हैं। फर्ग्यूसन ने पहले छठे ओवर की आखिरी गेंद पर कुसल परेरा को विकेटकीपर मिचेल हे के हाथों कैच कराया। इसके बाद वह आठवें ओवर में लौटे। ओवर की पहली गेंद पर कामिंडु मेंडिस को एलबीडब्ल्यू किया। परेरा तीन और मेंडिस सिर्फ एक रन ही बना सके। इसके बाद अगली गेंद पर उन्होंने श्रीलंका के कप्तान चरिथा असालंका को पवेलियन की राह दिखाई। असालंका भी विकेटकीपर हे के हाथों लपके गए। इसी के साथ फर्ग्यूसन अपने देश के लिए टी20 इंटरनेशनल में हैट्रिक लेने वाले छठे गेंदबाज बन गए हैं। सबसे पहले जैकब ओरम ने साल 2009 में श्रीलंका के खिलाफ ही हैट्रिक ली थी।

### स्टब्स-कोएत्जी की पार्टनरशिप ने भारत से छीनी जीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ट्रिस्टन स्टब्स और जेराल्ड कोएत्जी की पार्टनरशिप ने भारतीय टीम से मैच छीन लिया। सेंट जॉर्ज पार्क में खेले गए इस मैच में साउथ अफ्रीका ने भारत को 3 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 124 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका टीम ने खराब शुरुआत के बाद भी 19वें ओवर में 7 विकेट खोकर 128 रन बनाए और 3 विकेट से मैच अपने नाम किया। सीरीज का पहला टी20 भारत ने 61 रन से जीता था। ऐसे में सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में भारत को बड़ा झटका लगा। पहले टी20 में शतक लगाने वाले संजू सैमसन दूसरे टी20 में खाता तक नहीं खोल पाए। अगले ही ओवर में अभिषेक शर्मा कैच आउट हुए। उन्होंने 5 गेंदों पर 4 रन बनाए। 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका को तीसरे ओवर में पहला झटका लगा। अर्शदीप सिंह की गेंद पर रयान रिकेल्टन ने रिंकू सिंह का कैच लपका। पावरप्ले के आखिरी ओवर में कप्तान एडेन मार्करम बोल्ड हुए। वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें अपने शिकार बनाया।





## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य सचिव ने दिव्यांगजनों से मुलाकात कर सुनी उनकी समस्याएं

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सोमवार को सचिवालय में अपने कार्यालय में आमजन विशेष रूप से दिव्यांगजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने प्रत्येक फरियादी की समस्या सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को जन शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण हेतु निर्देश दिए।

### कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस नेताओं के खिलाफ गुंडा ऐक्ट की कार्रवाई के खिलाफ दून में सोमवार को कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने पौड़ी पुलिस की कार्रवाई की निंदा की और इसे राजनीति से प्रेरित करार दिया। साथ ही देहरादून में कांग्रेस नेताओं पर मुकदमें को लेकर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। डिस्पेंसरी रोड स्थित सब्जी मंडी में कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन के साथ पुतला भी फूंका। पूर्व महानगर अध्यक्ष लाल चंद शर्मा और पूर्व विधायक राजकुमार, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के खिलाफ लगातार दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है। स्वर्गाश्रम में कांग्रेस नेता और व्यापारी माधव अग्रवाल, उनके पिता इंद्र प्रकाश अग्रवाल के खिलाफ गुंडा ऐक्ट में पौड़ी पुलिस की कार्यवाही निंदा की।

### दून विवि इगास पर्व में शामिल होंगे कैबिनेट मंत्री

**संवाददाता** देहरादून। राठ जनविकास समिति की प्रबंध समिति की बैठक में मंगलवार को दून विवि परिसर में होने वाले इगास पर्व की तैयारियों पर चर्चा हुई। बालावाला में हुई बैठक में अध्यक्ष मेहरबान सिंह गुसाईं, महासचिव पुरुषोत्तम ममगाईं ने बताया कि इस आयोजन में शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत प्रतिभाग करेंगे। विशिष्ट अतिथि दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल प्रतिभाग करेंगे। इगास में भैलो पूजन, देव आह्वान पारम्परिक वाद्य यंत्रों के साथ किया जायेगा।

### मणिपाल सिग्ना ने लॉन्च किया सर्व

**संवाददाता** देहरादून। सबसे तेजी से बढ़ती स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में से एक, मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस ने अपनी नई स्वास्थ्य बीमा पेशकश, 'मणिपाल सिग्ना सर्व' के लॉन्च की घोषणा की है। संपूर्ण स्वास्थ्य बीमा समाधान प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया, 'सर्व' – जिसका अर्थ है सभी के लिए, व्यापक ग्राहक वर्गों के लिए किफायती और समावेशी स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करता है, जिसमें भारत की लापता मध्यम आबादी पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

# जनमानस की समस्या देखने सड़क पर दुपहिया वाहन से निकले डीएम

**निर्देश**

■ महिला सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत शहर में जल्द दिखेंगे पिंक बूथ एवं पिंक टायलेट, डीएम ने प्रस्ताव प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

■ शहर में सुगम व्यवस्था बनाने हेतु डीएम एवं एसएसपी का संयुक्त निरीक्षण, नई ट्रेफिक लाईट हेतु यातयात पुलिस से मांगा प्रस्ताव

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह एवं रेखीय विभागों के अधिकारियों के साथ आज शहर में जन सुविधा के दृष्टिगत जिलाधिकारी कैंप कार्यालय से दुपहिया वाहन से शहर का संयुक्त रूप से द्वितीय निरीक्षण किया। राजपुर रोड से घंटाघर होते हुए एमकेपी चौक, आराघर, रिस्पना पुल, कारगी चौक, आईएसबीटी,लालपुल, सहारनपुर चौक होते हुए प्रिंस चौक तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला सुरक्षा के दृष्टिगत पिंक बूथ, पिंक टॉयलेट की संभावना, अतिक्रमण, पार्किंग, चौराहा का निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण, यातायात व्यवस्था, सड़क, ड्रेनेज, आदि समुचित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने गांधी पार्क, एमकेपी चौक एवं लालपुल पर पिंक बूथ तथा लालपुल के समीप पुलिस बूथ पर पिंक टायलेट के प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, साथ जिन स्थानों पर यातायात लाईट मरम्मत होनी है तथा जिन चौराहों पर लाईट लगाने की आवश्यकता है के प्रस्ताव पुलिस विभाग से मांगे। जिलाधिकारी ने रिस्पना पुल, आईएसबीटी एवं प्रिंस चौक पर बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को लेकर एनएच, लोनिवि एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आख्या सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने आईएसबीटी चौक पर सड़क का चौड़ीकरण के साथ ही जलभराव से निपटने हेतु प्लान के साथ एनएच एवं लोनिवि के अधिकारियों को प्लान तैयार करते हुए अगले मानसून से पहले व्यवस्थाएं दूरस्थ करने के निर्देश दिए। साथ आईएसबीटी में जहां सड़क चौड़ीकरण करना है वहां पर भूमि अधिग्रहण कर सड़क का चौड़ीकरण प्रस्ताव तैयार करने को निर्देशित किया गया।



निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, एसपी यातायात मुकेश कुमार, सहित लोनिव, एनएच आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### राज्य आंदोलनकारियों ने शहीद स्मारक पर मनाई इगास

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने सोमवार देर सायं को शहीद स्मारक पर दाल की पकौड़ी और मिष्ठान का शहीदों के निमित भोग लगाकर और दीया जलाकर इगास पर्व मनाया। इस दौरान मांगल गीत गाए गए। शहीद स्मारक में इगास की धूम में सभी जनों ने अंधेरा होते ही दीपदान किया और मोमबत्तियां जलाई। साथ ही एक दूसरे को मिष्ठान और पकौड़े बांटकर खुशी मनाई। मंच अध्यक्ष जगमोहन सिंह, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा, वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी विवेकानन्द खंडूड़ी, ओमी उनियाल ने भैलो जलाकर घुमाते हुये देव दीपावली और इगास की बधाई देते हुये सभी से इस परम्परा को अपनी वर्तमान पीढ़ी में आगे बढ़ाने संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती, सांस्कृतिक मोर्चे की अध्यक्ष सुलोचना भट्ट, द्वारिका बिष्ट ने कहा कि इस तरह के आयोजन अपनी संस्कृति, बोली भाषा का संवर्धन करते हैं। आमजन के साथ राज्य सरकार को इसके प्रचार प्रसार के लिए मजबूत पहल करनी होगी। आयोजन में राज्य आंदोलनकारी मातृशक्ति ने पकोड़ी, अरसे और पारम्परिक पकवान परोसे।

# बड़ी संख्या में सचिवालय कूच करने पहुंचे उपनल कर्मी

**हुंकार**

■ बैरिकेड लगाकर रोक रही पुलिस से धक्कामुक्की

■ प्रदेश भर के उपनल कर्मचारियों में नाराजगी

**संवाददाता**



देहरादून। प्रदेशभर से राजधानी पहुंचे बड़ी संख्या में उपनल कर्मचारियों ने सचिवालय कूच के लिए हुंकार भरी। इस दौरान उपनल कर्मियों को पुलिस ने सुभाष रोड पर बैरिकेडिंग कर आगे बढ़ने से रोक दिया। जिसके बाद संगठन के लोग सुभाष रोड पर सड़क पर ही बैठ गए।

राज्य निगम कर्मचारी महासंघ और हाईड्रो इलेक्ट्रिक इंपलाइज यूनियन ने भी कर्मचारियों के आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। उपनल कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश संयोजक विनोद गोदियाल के मुताबिक हाईकोर्ट ने 2018 में उपनल कर्मचारियों को समान काम के लिए समान वेतन देने और नियमितीकरण के लिए नियमावली बनाने का फैसला सुनाया था, लेकिन राज्य सरकार ने इस फैसले पर अमल न कर इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की।

सुप्रीम कोर्ट सरकार की एसएलपी खारिज कर चुका है। इसके बाद भी सरकार की ओर से हाईकोर्ट के 2018 के फैसले पर अमल नहीं किया गया। सरकार फिर से सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल करने की तैयारी में है। जिससे प्रदेश भर के उपनल कर्मचारियों में नाराजगी है। उधर भगवानपुर की विधायक ममता राकेश ने भी उपनल कर्मचारियों की मांग का समर्थन किया है।

### वन मंत्री के आश्वासन पर वन आरक्षी चयनितों का धरना खत्म

**संवाददाता** देहरादून। वन आरक्षी भर्ती 2022 प्रतीक्षा सूची में चयनित 160 अभ्यर्थी का धरना सोमवार को खत्म हो गया। वे छह नवंबर से वन मुख्यालय में प्रदर्शन कर रहे थे। सोमवार को इस मामले में वन मुख्यालय में वन मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव वन एवं पर्यावरण तथा प्रमुख वन संरक्षक(हॉफ) की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। जिसके बाद वन मंत्री धरने में बैठे अभ्यर्थियों से मिलने पहुंचे। वहां मंत्री ने उन्हें बताया कि सभी लोग उनकी भर्ती के पक्ष में हैं, परंतु तकनीकी कारणों से उनकी नियुक्ति में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि विभाग और शासन स्तर पर इस मामले में हल निकालने के लिए सकारात्मक कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही इस पर कैबिनेट में चर्चा की जाएगी। वन मंत्री के आश्वासन के बाद अभ्यर्थियों ने धरना प्रदर्शन खत्म कर दिया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।